कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com

www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–13, मार्च 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## नया परिदृश्य नया दृष्टिकोण

देश में आर्थिक विकास को आज नये सिरे से गढ़ा जा रहा है और आधारभूत विकास में तेजी लाने के लिए नई परियोजनाओं के तहत कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन सभी प्रयासों का मूल मंत्र है कि देश के उद्यमियों और उद्योगों को विश्व स्तर का बनाया जाए एवं स्वदेशी उत्पादों की खपत को बढ़ाकर निर्यात भी किया जाए। इस पूरे परिदृश्य को देखा जाए तो पता लगता है कि इस्पात उद्योग सभी उद्योगों की रीढ़ है। इस्पात के बिना सारे विकास की परिकल्पना अधूरी रह जाती है। इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत भी किसी भी देश के विकास का सूचक होता है।

कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल भी देश के विकास की आश्यकताओं के अनुसार नये लक्ष्यों का निर्धारण कर रहे हैं। इस वित्त वर्ष में जिस तरह से सरकार का लक्ष्य है कि भारत को इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बनाया जाए उसी प्रकार से श्री अग्रवाल भी अपने इस्पात उत्पादों को अनुसंधान और विकास के जरिए नयी ऊँचाईयों पर ले जाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इनके मार्गदर्शन में कंपनी ने मंदी और विमुद्रीकरण के बावजूद लगातार विकास किया। इस वित्त वर्ष में दूरदर्शी नज़रिये के जरिए एक बेहतरीन खाका तैयार कर लिया गया है जो स्मार्ट सिटी और मेक इन इंडिया जैसी परियोजनाओं में अपने उत्पादों की भागीदारी को बढ़ा सकेगी।

मौजूदा समय में देश में इस्पात की खपत का औसत लगभग 61 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति है जबकि विकसित देश में यह औसत 208 किलोग्राम है। सरकार का प्रयास है देश में इस्पात के खपत का औसत बढ़ाया जाए और उच्च गुणवत्ता इस्पात में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाए। इस्पात उद्योगों की भी उम्मीद है उन्हें अंतर्राष्ट्रीय निर्यात के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले मगर यह सहायता डब्ल्यूटीओ के नियमों के अंतर्गत हो जिससे आयात और निर्यात में टकराव की स्थिति निर्मित न हो। इस संदर्भ में इस्पात आयात का एंटी डंपिंग शुल्क भी कारगर हो सकता है। यह नया दृष्टिकोण इस्पात उद्योग को इस वित्त वर्ष में नई ऊँचाईयों पर ले जाएगा। इन सब से साथ कामधेनु लिमिटेड का और बेहतर कर गुजरने का संकल्प भी सुदृढ़ रहेगा।



# मतगणना ने गढ़ीं पाँच सरकारें

हालिया सम्पन्न हुए पाँच राज्यों के चुनावों में जहां नये–नये समीकरण दिखे वहीं इन समीकरणों ने अपनी–अपनी जीत का दावा भी किया। इस चुनाव में कोई अपनी सत्ता कायम रखना चाहता था तो कोई नई सरकार का गठन करना चाहता था। इस पूरे चुनावी समर में उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य था जहां सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। यहां सत्ता के दौड़ में मुख्यतः चार पार्टियां बीजेपी, कांग्रेस, सपा और बसपा थी। क्योंकि इसका असर 2019 में होने वाले लोकसभा के चुनावी नतीजों पर पड़ेगा।

सत्ता किसे मिलेगी इन सभी कयासों को विराम तब लगा जब 11 मार्च को मतगणना शुरू हुई। इस मतगणना में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की 403 सीटों में से 325 सीटें और उत्तराखंड की 70 सीटों में से 57 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया मगर पंजाब में हार का सामना करना पड़ा यहां कांग्रेस ने 117 में से 79 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया वहीं पंजाब में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी 20 सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर रही मगर अकाली दल और बीजेपी को यहां करारी हार का सामना करना पड़ा।

मणिपुर और गोवा में किसी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी वहीं बीजेपी दूसरे नंबर पर रही, मगर बीजेपी ने बेहतर राजनीति के बल पर दोनों राज्यों में गठबंधन के जरिए सरकार बना ली। इस तरह से बीजेपी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही और कांग्रेस ने मात्र एक राज्य में पंजाब में अपनी सरकार बनाई। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ बने और बाकि राज्यों के मुख्यमंत्री इस प्रकार हैं पंजाब–कैप्टन अमरिंदर सिंह (कांग्रेस), उत्तराखंड–श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत (बीजेपी), गोवा–श्री मनोहर पर्रिकर (बीजेपी) और मणिपुर–श्री बिरेन सिंह (बीजेपी)।



# गंगा और यमुना को मिला जीवित व्यक्ति का दर्जा

एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देश की दो पवित्र नदियों गंगा और यमुना को जीवित मानव का दर्जा दिया है। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने कहा कि दोनों ही पवित्र नदियों के साथ जीवित व्यक्ति की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए। न्यायालय ने इस संबंध में न्यूजीलैंड की वांगनुई नदी का उदाहरण दिया जिसे जीवित व्यक्ति का दर्जा मिला हुआ है।

इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब गंगा और यमुना दोनों ही नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही इन दोनों पवित्र नदियों की सहायक नदियों से जुड़े सभी विवादित मुद्दों को प्रभावी तरीकों से हल किया जाएगा। न्यायालय ने नमामि गंगे मिशन के निदेशक, उत्तराखंड के मुख्य सचिव और उत्तराखंड के महाधिवक्ता को इन नदियों के अभिभावक होने का निर्देश दिया है और उन्हें गंगा–यमुना की सहायक नदियों की सुरक्षा करने के लिए एक मानवीय चेहरे की तरह कार्य करने का आदेश दिया है।

# INS विराट हुआ सेवामुक्त



भारतीय नौसेना के बेड़े का सबसे शक्तिशाली युद्धपोत INS विराट आखिकार 6 मार्च 2017 को सेवानिवृत्त हो गया। 5 लाख नॉटिकल मील (10,94,215 किमी) का सफर पूरा कर चुके इस युद्धपोत का कार्यकाल ब्रिटेन रॉयल नेवी से प्रारम्भ हुआ था। ब्रिटिश रॉयल नेवी में इस पोत ने 27 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी इसके बाद इसे 1987 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, यहां इस युद्धपोत ने तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दी। 57 वर्षों तक लगातार कार्य करने के कारण इसका नाम गिनीज़ बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है।

समुद्र में अपनी शक्ति का लोहा मनवा चुका INS विराट 24 हजार टन वजनी, 743 फुट लंबा और 160 फुट चौड़ा है। इस पोत पर हमेशा 10–12 सी हैरियर फाइटर प्लेन और 7–8 सी–किंग हेलीकॉप्टर रहते थे। विराट के डेक से लड़ाकू विमानों ने लगभग 22,034 बार उड़ान भरी हैं। 52 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार वाले इस युद्धपोत की समुद्र में 200 किलोमीटर के क्षेत्र में तूती बोलती थी।



# SS10000 डीलर्स का गोवा टूर

आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता और बेहतर प्रोत्साहन कामधेनु लिमिटेड की पहचान रही है। इसी के तहत कंपनी हमेशा नये लक्ष्य के साथ आगे बढ़ती रहती है जिससे कंपनी के डीलर्स में नई उर्जा का संचार होता है और डीलर्स भी पूरी तत्परता के साथ आगे बढते रहते हैं। इन दोनों साझा प्रयासों का सीधा फायदा ग्राहकों को होता है जिससे उन्हें उत्तम गुणवत्ता का उत्पाद किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हो जाता है और इस तरह से एक सामाजिक–आर्थिक विचारधारा का निर्माण होता है जिसमें डीलर्स का अहम योगदान बनता है।

कंपनी डीलर्स के इन बेहतरीन प्रयासों की सराहना करने के लिए हर बार एक नया इंसेटिव स्कीम लेकर आती है। इसी के तहत कामधेनु लिमिटेड ने इस बार हरियाणा के SS10000 के डीलर्स के लिए गोवा की बेहतरीन ट्रिप का आयोजन किया। इस टूर के लिए कंपनी ने गोवा के बेस्ट रिजॉर्ट रेडीसन कैंडोलिम को मेजबानी का मौका दिया।

5 मार्च से 9 मार्च तक चले इस टूर में SS10000 के डीलर्स ने भरपूर लुत्फ़ उठाया और मौज–मस्ती की। इस टूर का प्रतिनिधित्व कामधेनु लिमिटेड की ओर से श्री अमित सिरोठिया (मार्केटिंग मैनेजर, हरियाणा) तथा हरियाणा के सेल्स प्रमोटर मेसर्स विगोर स्टील इण्डिया प्रा. लि. के श्री मामन चन्द गोयल, श्री नवीन गुप्ता एवं श्री पंकज गर्ग ने किया।

सभी डीलर्स ने गोवा की मनमोहक खूबसूरती को अपने–अपने ढंग से एंजाय किया और इन पलों को कैमरा में कैद किया। गोवा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार कसिनो डाल्टिन रोयाल, दूधसागर वाटर फाल, ओल्ड गोवा क्रंच, डॉलफिन–शो साइटसीइंग और खूबसूरत किनारों की सैर की। इस पूरे टूर ने सभी डीलर्स को एक गोवा के बेजोड़ परिदृष्यों से जुड़ने का मौका दिया साथ ही उनमें नई ऊर्जा का संचार भी किया।

# कामधेनु डीलर्स ने अंबाला में मनाया होली मिलन समारोह

रंगों का त्यौहार होली जहां खुशियां मनाने का एक बेहतरीन जरिया है वहीं आपसी भरोसे को बढ़ाने का प्रतिक भी है और इसके रंग हर किसी के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते है। इसी के मद्देनज़र कामधेनु लिमिटेड ने होली के अवसर पर हरियाणा के खूबसूरत शहर अंबाला के खूबसूरत होटल यूएसए गार्डन में 9 मार्च को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट और अपने टीएमटी डीलर्स के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

होली की शुभकामनाओं के साथ कामधेनु लिमिटेड ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका मुख्य उद्देश्य था गुणवत्ता की कसौटी पर खरे कंपनी के उत्पादों के प्रति इंजीनियरों, आर्किटेक्ट और डीलर्स को जागरूक करना, ताकि आधारभूत निर्माण को नई ऊँचाई पर ले जाने वाले आर्किटेक्ट और इंजीनियर एक ऐसी कंपनी से जुड़े जो आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ रही है। इस समारोह में कामधेनु लिमिटेड के वरिष्ठ मार्केटिंग मैनेजर, श्री सुनील सेन (हरियाणा) व श्री संजय गुप्ता (वितरक, जीटी बेल्ट, हरियाणा) सम्मिलित हुए साथ ही कंपनी के स्थानिय डीलर्स श्री संजीव मित्तल, मेसर्स संजीव बिल्डिंग मटेरियल (अम्बाला) सिटी और श्री संजय कंसल, मेसर्स हिन्दुस्तान आयरन ट्रेडर्स (सहा) उपस्थित रहें। इस पूरे मसारोह में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट अंबाला के कई वरिष्ठ सदस्यों ने भी शिरकत की और निर्माण क्षेत्र मे हो रहे विकास में आधुनिक इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता के विषय पर चर्चा की।



अंबाला के मशहूर होटल एंड रिजॉर्ट यूएसए गार्डन में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में कंपनी ने अपने अनूठे डबल रिब टीएमटी और इस्पात उत्पादों की विशेषताओं को साझा किया साथ ही पूरे परिवार के साथ आए 80 से अधिक आर्किटेक्ट, इंजीनियर और डीलरों के लिए बेहतरीन कार्यक्रमों का भी आयोजन किया ताकि उनके पूरे परिवार के लिए यह एक खास पल बन जाए। यहां कॉमेडी–शो व फन गेम का भी आयोजन किया गया जिसने यहां आए सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया इसके अलावा सभी को होली के रंग में रंगने के लिए रंगो व फूलों के साथ डीजे और डांस पार्टी का भी आयोजन किया गया जिस पर यहां आए कपल्स ने भरपूर मस्ती की।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.03.2017



# हिमाचल के पेंट्स डीलर्स को मिला गोवा टूर का तोहफा



नये लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना और हर लक्ष्य के साथ कुछ नया करना कामधेनु पेंट्स की बेहतरीन खासियत है। इसी जज्बे के साथ कामधेनु पेंट अपने पेंट उत्पादों में जीवन का नया रंग भरती है। अपने उत्पादों के अलावा कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स को भी नियमित रुप से तोहफे देती रहती है। जो डीलर्स को प्रोत्साहित करने में खासी अहमित रखते हैं।

कामधेनु पेंट्स ने इस बार हिमाचल डीलर्स को अपने इंसेंटिव प्रोग्राम के तहत गोवा टूर का तोहफा दिया। इस टूर का पड़ाव बना गोवा का खूबसूरत होटल अडेमो–द–बेल्लुस। जीवंतता से भरा यह होटल 18 वीं सदी में बने संत दुर्गा मंदिर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर है। जहां पहुँचकर हिमाचल के डीलर्स ने जीवन के कुछ खूबसूरत पलों को बिताया और कामधेनु पेंट्स के इस इंसेंटिव प्रोग्राम का हिस्सा बने। इस टूर मे पूरे हिमाचल के डीलर्स सह परिवार सम्मिलित हुए।

इस टूर में कामधेनु पेंट्स के हिमाचल प्रदेश के ब्रांच हेड श्री निहाल राप्ता सम्मिलित हुए और यहां उन्होंने कहा, ''हम अपने डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा ही कुछ नया प्रयास करते है ताकि कंपनी और डीलर्स के बीच आपसी समझ और साझेदारी को मजबूती मिले।''

कंपनी अपने डीलर्स के लिए हमेशा ही नये विचारों के तहत कार्य करती है और इन विचारों की पूरी श्रृंखला कंपनी के मूल मंत्र को ध्यान में रखकर भविष्य की परिकल्पना करती है। टूर के अलावा कंपनी 'टारगेट के बादशाह' श्रृंखला का भी संचालन करती है जिसके तहत डीलर्स को बॉलीवुड की मशहूर शख्सियतों से मिलने का मौका मिलता है। कंपनी ने टारगेट के बादशाह के 4 चरणों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है और अब इसके अगले चरण 'टारगेट के बादशाह 5' का संचालन दुबई में करने जा रही है जिसमें देश के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सम्मानित किया जाएगा।

# कामधेनु पेंट्स के गुजरात व उड़ीसा के चैनल पार्टनर दीव और पुरी की सैर पर

कामधेनु पेंट्स ने एक बार फिर अपने डीलर्स के लिए लोयलटी प्रोग्राम के अंतर्गत दीव व पुरी की ट्रिप का आयोजन किया। आपसी साझेदारी को मजबूत करने और निष्ठा को बढ़ाने के लिए इस ट्रिप में कंपनी ने गुजरात और उड़ीसा के चैनल पार्टनर्स को चुना। यह ट्रिप दो अलग–अलग तारीखों में दो अलग–अलग स्थानों पर सम्पन्न हुए। उड़ीसा के चैनल पार्टनर्स के लिए पुरी और गुजरात के चैनल पार्टनर्स के लिए दीव में क्रमशः 28 फरवरी और 4 मार्च को इस यादगार ट्रिप का आयोजन किया।

दोनों ही टूर में चैनल पार्टनर्स ने भरपूर आनंद लिया। उड़ीसा के चैनल पार्टनर्स को पुरी के बेहतरीन रिजॉर्ट केरियॉट बीच में रूकने का अवसर मिला। इस एक दिवसीय टूर में पुरी के धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व पर ग़ौर किया और नई दिशा एवं नये लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के महत्व को समझा। वहीं गुजरात के चैनल पार्टनर्स को दीव के प्रसिद्ध रिजॉर्ट कृष्णा पार्क आने और दीव के खूबसूरत पर्यटन स्थलों पर घूमने का बेहतरीन तोहफा मिला। यहां आये सभी चैनल पार्टनर्स ने यहां के खूबसूरत समुद्री बीच का आनंद उठाया।

एक दिवसीय ट्रिप में कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव शामिल हुए और सभी का भरपूर ऊर्जा के साथ मार्गदर्शन किया। यहां श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहां, ''हम हमेशा ही नये विचारो के साथ बढ़ने का प्रयास करते हैं और इसी प्रयास के साथ हम चैनल पार्टनर्स के लिए नये–नये तोहफे और इंसेंटिव लेकर आते है ताकि सभी एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते रहें।'' सभी सदस्य गोवा से कुछ कीमती अनुभवों को लेकर वापस लौटे।



**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

| श्री गौतम भाई | श्री सतीश अग्रवाल / श्री महेश अग्रवाल | श्री अमित गोयल |
|---|---|---|
| मेसर्स शिवम स्टील ट्रेडर्स (कामधेनु कलरमैक्स) | मेसर्स अग्रवाल बिल्डर्स | मेसर्स गोयल आयरन स्टोर (SS10000) |
| धनेरा, बनसकंठा, गुजरात | अयाली चौक, फ़िरोजपुर रोड़ लुधियाना, पंजाब | हेली मंडी |
| मो. 9427698139 | मो. 9855050006 / 9814831934 | मो. 9354768998 |

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092